आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 रविवार** **दिनांक 14.09.2025**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**मुख्य समाचारः—**

1— हिन्दी दिवस पर आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में शामिल हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह—लोगों से हिंदी को और आसान बनाने तथा इसके साथ क्षेत्रीय भाषाओं के सह—अस्तित्व को बढ़ावा देने की अपील की।

2— मुख्यमंत्री ने जशपुर जिले के पांच गांवों में होम—स्टे योजना और कृषि क्रांति अभियान के तहत क्यूआर कोड आधारित जीकॉम इंडिया का किया शुभारंभ।

3— अट्ठारह सितंबर से राजिम—रायपुर के बीच चलेगी मेमू ट्रेन—मुख्यमंत्री दिखाएंगे हरी झंडी।

**और**

4— देश से मानसून की विदाई शुरू हुई—छत्तीसगढ़ में वर्षा की गतिविधि में कमी आने की संभावना।

...............

**<u>हिन्दी दिवस—गृह मंत्री</u>**

आज हिंदी दिवस है। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुजरात के गांधीनगर में हिंदी दिवस और पांचवें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में शामिल हुए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री शाह ने हिंदी को और आसान बनाने तथा इसके साथ क्षेत्रीय भाषाओं के सह—अस्तित्व को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने लोगों से मातृभाषा का सम्मान करते हुए हिंदी का समर्थन करने का आह्वान किया।

**मैं सभी को आग्रह करना चाहता हूं कि अपनी मातृभाषा को बल दीजिए। मित्रों, यदि संस्कृत ने हमें ज्ञान की गंगा दी है, तो हिंदी ने वह ज्ञान को घर–घर तक जन–जन तक पहुंचा है और हर व्यक्ति तक वह ज्ञान हमारी स्थानीय भाषाओं में पहुंचा है। प्रधानमंत्री जी ने कई प्रकार की तकनीक के माध्यम से हमारे स्थानीय की भाषाओं को बल देने का काम किया है।**

गृह मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने हिंदी को और अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए सारथी मंच और हिंदी शब्द सिंधु कोश की शुरूआत की है। श्री शाह ने कहा कि हिंदी को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, न्याय और पुलिस की भाषा भी बनाना होगा। गृहमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि वर्ष दो हजार उनतीस तक हिंदी शब्द सिंधु कोष दुनिया का सबसे बड़ा विश्वकोश बन जाएगा। गृहमंत्री ने अभिभावकों से घर पर मातृभाषा के उपयोग की अपील भी की।

## राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन–रबी अभियान

राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन रबी अभियान कल पंद्रह सितंबर से नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। दो दिवसीय इस सम्मेलन की अध्यक्षता कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे। समारोह के माध्यम से देश के कृषि विशेषज्ञ, वैज्ञानिक और नीति निर्माता रबी फसल की चुनौतियों पर चर्चा करेंगे।

इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम भी शामिल होंगे। सम्मेलन में श्री नेताम प्रदेश में किसानों के हित में लिए गए निर्णयों, नीतियों और विकास कार्यो के साथ केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी देगें।

इस सम्मेलन में देशभर के कृषि विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों, नीति–निर्धारकों और राज्यों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। कृषि सम्मेलन, विकसित कृषि संकल्प अभियान के दूसरे चरण का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य रबी फसल के उत्पादन और कार्ययोजना के बारे में मार्गदर्शन करना है।

**मुख्यमंत्री–जशपुर**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जशपुर जिले के देओबोरा, केरे, दनगरी, छिछली और घोघरा गांवों में होम–स्टे योजना का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन क्षेत्र को एक उद्योग के रूप में विकसित करने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि होम–स्टे नीति पर्यटन को नई पहचान देगी। साथ ही स्थानीय युवाओं और समुदायों के लिए रोजगार तथा उद्यमशीलता के अवसर भी प्रदान करेगी।

अपने जशपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने कृषि क्रांति अभियान के तहत क्यूआर कोड आधारित जीकॉम इंडिया का शुभारंभ बगिया स्थित अपने निवास कार्यालय से किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि क्रांति अभियान का उद्देश्य किसान कॉल सेंटर एग्रीबिड और बाजार व्यवस्था को सरल बनाना है।

कार्यक्रम में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा भी मौजूद थे।

**समझौता ज्ञापन**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में जशपुर जिला प्रशासन और विज्ञान भारती के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस समझौते का उद्देश्य जिले के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना तथा उन्हें विज्ञान और प्रौद्योगिकी से जोड़ना है। इस पहल के अंतर्गत विद्यालयों में विज्ञान शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे।

## राजिम–रायपुर मेमू ट्रेन

रेलवे ने राजिम–रायपुर मेमू ट्रेन सेवा को मंजूरी दे दी है। यह ट्रेन अट्‌ठारह सितंबर से नई ब्रॉडगेज रेललाइन पर रायपुर से नवा रायपुर और अभनपुर होते हुए राजिम तक चलेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मेमू ट्रेन को सुबह ग्यारह बजे हरी झंडी दिखाकर राजिम से रायपुर के लिए रवाना करेंगे। रेलवे ने मेमू ट्रेन सेवा की समय–सारिणी भी जारी कर दी है। इस ट्रेन का ठहराव मंदिर हसौद, सीबीडी, केन्द्री, अभनपुर, मानिकचौरी और राजिम में होगा।

## लोक अदालत

प्रदेश के सभी जिला और व्यवहार न्यायालयों में कल राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में सैंतालीस लाख से अधिक मामलों का निराकरण आपसी सहमति से किया गया और सात अरब उनतालीस करोड़ रूपये से अधिक की राशि का अवार्ड पारित हुआ।

वहीं, रायपुर में नौ लाख सैंतीस हजार मामलों का निराकरण किया गया। इसमें सबसे ज्यादा सात लाख इकयासी हजार मामले राजस्व विभाग से  संबंधित थे।

## युक्तियुक्तकरण–शिक्षक निलंबित

युक्तियुक्तकरण के बाद कार्यभार ग्रहण नहीं करने वाले और लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई का सिलसिला शुरू हो गया है। इसी कड़ी में कोरबा जिले के चार शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। वहीं, कई शिक्षकों को कारण बताओं नोटिस जारी कर उनका दो महीने का वेतन रोका गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने ऐसे शिक्षकों को जल्द से जल्द आबंटित विद्यालयों में उपस्थिति देकर बच्चों को पढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

## जीएसटी–गृह मंत्री

केन्द्र सरकार द्वारा जीएसटी की दरों में किए गए सुधारों का फायदा विभिन्न क्षेत्रों के अलावा करदाताओं को भी मिलेगा। उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि जीएसटी में किए गए सुधारों से आयकर जमा करने की प्रणाली पहले से और बेहतर होगी।

## डीजीपी–गरियाबंद दौरा

राज्य के पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम बीते ग्यारह सितंबर को सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए नक्सल ऑपरेशन में शामिल जवानों से मिलने आज गरियाबंद पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जवानों से नक्सल ऑपरेशन पर चर्चा की। उन्होंने जवानों की सफलता पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि बिना किसी नुकसान के इतनी बड़ी सफलता हासिल करना सुरक्षा बलों की सटीक रणनीति का परिणाम है। इस मौके पर एडीजीपी विवेकानंद सिन्हा और रायपुर रेंज के आईजी अमरेश मिश्रा भी मौजूद थे। इन अधिकारियों ने जवानों के साथ भोजन भी किया।

गौरतलब है कि गरियाबंद जिले के मैनपुर इलाके में बीते ग्यारह सितंबर को सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में करीब एक करोड़ रूपये के इनामी माओवादी कमांडर सहित दस माओवादी मारे गए थे।

## मुख्यमंत्री–अग्निवीर मुलाकात

बलरामपुर जिले के छब्बीस युवाओं का चयन अग्निवीर के लिए हुआ है। इन युवाओं ने आज रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अग्निवीर में चयनित युवाओं को बधाई देते

हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार, गांव और जिले के लिए गौरव की बात है, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के लिए गर्व का विषय है।

मुख्यमंत्री ने अतिथि शिक्षक सुदर्शन यादव और उनकी टीम द्वारा युवाओं को दिए जा रहे निःशुल्क सेना भर्ती प्रशिक्षण के प्रयासों की सराहना की।

**महिला सशक्तिकरण–सम्मेलन**

आंध्रप्रदेश के तिरुपति में आज से दो दिवसीय राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किया। इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ विधानसभा द्वारा गठित महिलाओं और बालकों के कल्याण संबंधी समिति की सभापति रेणुका सिंह, समिति के सदस्य अनिला भेंडिया और शेषराज हरबंश भी शामिल हो रहे हैं।

**उपमुख्यमंत्री–जांजगीर**

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने जांजगीर–नैला नगर पालिका और चांपा नगर पालिका में उन्नीस करोड़ तिरपन लाख रुपए से अधिक की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इस मौके पर श्री साव ने जांजगीर–नैला में नगर पालिका के कार्यालय भवन और विकास कार्यों के लिए ढाई–ढाई करोड़ रुपए और चांपा नगर पालिका में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार तथा विकास कार्यों के लिए तीन करोड़ रुपए देने की घोषणा की।

**<u>मौसम</u>**

प्रदेश में अब वर्षा की गतिविधियों में कमी आने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार देशभर से मानसून की विदाई का सिलसिला शुरू हो चुका है और अगले दो से तीन दिनों में राजस्थान, पंजाब और गुजरात के कुछ भाग से विदाई हो सकती है।

इस बीच, मौसम विभाग ने कल प्रदेश में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई है। वहीं,
एक–दो स्थानों पर आकाशीय बिजली गिर सकती है।

**<u>संक्षिप्त समाचार</u>**

– महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बलरामपुर–रामानुजगंज जिले के प्रवास के दौरान विभिन्न संस्थाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को संस्थानों की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

– पीपल्स केयर द्वारा 'एक पीपल एक परिवार' एक पुण्य कार्यक्रम का आयोजन जगदलपुर में किया गया। कार्यक्रम में एक सौ इक्कीस परिवारों ने पीपल के पौधे लगाए।

और

– जांजगीर–चांपा जिले में एक व्यवसायी से बीते छह सितंबर को दस लाख रुपये से अधिक की लूट के मामले में पुलिस ने नाबालिग समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जबकि, एक अन्य आरोपी फरार है। पुलिस ने आरोपियों के पास से दस लाख चवालीस हजार रूपये बरामद किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>